ग्रामीण कृषि मौसम सेवा
भारत मौसम विज्ञान विभाग
गोविंद बल्लभ पंत कृषि और प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय
उधम सिंह नगर, पंतनगर, उत्तराखंड

मौसम आधारित कृषि परामर्श सेवाएं

दिनांक : 09-11-2021

उधम सिंह नगर(उत्तराखंड) के मौसम का पूर्वानुमान - जारी करनेका दिन :2021-11-09 (अगले 5 दिनों के 8:30 IST तक वैध)

मौसम कारक	2021-11-10	2021-11-11	2021-11-12	2021-11-13	2021-11-14
वर्षा (मिमी)	0.0	0.0	0.0	0.0	0.0
अधिकतम तापमान(से.)	28.0	28.0	28.0	27.0	27.0
न्यूनतम तापमान(से.)	13.0	12.0	12.0	13.0	13.0
अधिकतम सापेक्षिक आर्द्रता (%)	80	80	85	85	85
न्यूनतम सापेक्षिक आर्द्रता (%)	60	60	65	65	65
हवा की गति (किमी प्रति घंटा)	6.0	6.0	6.0	6.0	6.0
पवन दिशा (डिग्री)	310	310	320	320	320
क्लाउड कवर (ओक्टा)	1	1	1	3	3

मौसम सारांश / चेतावनी:

विगत सात दिनों (2 – 8 नवम्बर, 2021) में 0.0 मिमी वर्षा होने व आसमान साफ रहने के साथ आंशिक बादल छाये रहे। अधिकतम तापमान 27.0 से 29.1 डि0से0 एवं न्यूनतम तापमान 11.5 से 13.0 डि0से0 के बीच रहा तथा वायु में सुबह 0712 बजे सापेक्षित आर्द्रता 74 से 95 प्रतिशत व दोपहर 1412 बजे सापेक्षित आर्द्रता 32 से 47 प्रतिशत एवं हवा 1.0 से 2.7 कि0मी0 प्रति घंटा की गति से मुख्यतः पश्चिम-उत्तर-पश्चिम दिशा से चली। आगामी पांच दिनों में मौसम साफ रहेगा। अधिकतम एवम् न्यूनतम तापमान क्रमश: 27.0 से 28.0 व 12.0 से 13.0 डिग्री सेल्सियस रहेगा| हवा के 6.0 किमी/घंटे की गति से उत्तर-पश्चिम दिशा से चलने का अनुमान है।

सामान्य सलाहकार:

किसान भाई पिछले सप्ताह के मौसम, मौसम पूर्वानुमान और मौसम आधारित कृषि सलाह प्राप्त करने के लिए "मेघदूत ऐप" तथा आकाशीय बिजली के पूर्वानुमान हेतु "दामिनी एप" डाउनलोड करें। मेघदूत व दामिनी ऐप को गूगल प्ले स्टोर (एंड्रॉइड उपयोगकर्ताओं) और ऐप सेंटर (आईओएस उपयोगकर्ताओं) से डाउनलोड किया जा सकता है| भारतीय मौसम विज्ञान विभाग से प्राप्त एनडीवीआई व एसपीआई मानचित्रों ने संकेत दिया कि उधम सिंह नगर के लिए एनडीवीआई 0.2-0.45 के बीच है, यानी जिले में कृषि स्थिति मध्यम से अच्छी है तथा एसपीआई मैप 7 अक्टूबर से 3 नवम्बर तक अत्यधिक नमी की स्थिति को दर्शाता है।रबी फसलों की बुवाई हेतु खेत जुताई एवम् बीज बुवाई कार्य जारी रखें। बुवाई पूर्व बीज शोधन अवश्य करें।

लघु संदेश सलाहकार:

आगामी पांच दिनों में मौसम शुष्क रहेगा| अतः किसान भाई सब्जी वर्गीय फसलों में आवश्यकतानुसार हल्की सिंचाई करें।

फ़सल विशिष्ट सलाह:

फ़सल	फ़सल विशिष्ट सलाह

फ़सल	फ़सल विशिष्ट सलाह
मसूर की दाल	मसूर की सामान्य बुवाई नवम्बर के प्रथम पखवाड़े में करें। मसूर की उन्तशील प्रजातियों में पन्त मसूर-8, पन्त मसूर-7, पन्त मसूर-6, डी0पी0एल0-7 आदि के बीज दर 30-40 किग्रा/हैक्टेयर रखें तथा बुवाई हेतु कतार से कतार की दूरी 25 सेमी रखें।
सरसों	विलम्ब दशा में राई/सरसों की बुवाई नवम्बर माह में भी कर सकते है। इस समय बुवाई हेतु वरदान व आर्शीवाद प्रजातियों का चयन करें तथा कतार से कतार की दूरी 30 सेमी रखना चाहिए। जमाव के 15 दिन बाद पौधो से पौधो की दूरी बिरलीकरण द्वारा 15 सेमी कर दें।
फील्ड पी	मटर की बौनी प्रजातियों- अपर्णा, मावीया मटर-15, डी0डी0 आर0-23, पन्त मटर-13,14,25,74 तथा सामान्य मटर की पन्त मटर -42 का चुनाव करें। बौनी मटर बीज दर 125 किग्रा/हैक्टेयर तथा सामान्य मटर हेतु 80-100 किग्रा/है रखें।
गन्ना	नौलख गन्ने की फसल में आवश्यकतानुसार सिंचाई करें।
चना	चने की सामान्य बुवाई नवम्बर के दूसरे पखवाड़े में पूरा कर लें। सिंचित दशा में, चने की पंत काबुली चना 1, 2 आदि प्रजातियों की बुवाई करें।

बागवानी विशिष्ट सलाह:

बागवानी	बागवानी विशिष्ट सलाह
प्याज	किसान भाई मैदानी व तराई क्षेत्रों में प्याज की बुवाई करें।
बैंगन	बैगन की फसल मे निराई-गुड़ाई करें तथा तैयार फलो को तोड़कर बाजार भेजे।
सब्जी पीईए	अगेती मटर की देखभाल करें। जिन क्षेत्रों में बुवाई नही हुई है वहां बीज की बुवाई करें। तराई क्षेत्र मे बुवाई द्वितीय सप्ताह तक अवश्य कर लें |

पशुपालन विशिष्ट सलाह:

पशुपालन	पशुपालन विशिष्ट सलाह
गाय	जुलाई माह मे पैदा हुए 4-6 माह के बछियों को संक्रामक गर्भपात का टीकाकरण नवम्बर माह तक अवश्य करा दें। किसी भी टीकाकरण के दो हफते पहले पशुवत्सो को पिपराजीन नामक कृमिनाशक दवा प्राथमिकता के आधार पर दें क्योंकि ये दवाई गोल कृमिनाशक के रुप में काफी प्रभावी पायी गयी है।